# 5 खिड़की मेरे कमरे की

| | |
|---|---|
| **कविता का नाम** | खिड़की मेरे कमरे की |
| **कालांश संख्या** | 4-6 |
| **शिक्षण प्रक्रिया** | Teacher Led |
| **कविता का उद्देश्य** | प्रेम, मनोरंजन, मित्रता जैसे मूल्यों का विकास करवाना, खिड़की की उपयोगिता का परिचय देना, कविता का हाव-भाव के साथ वाचन करवाना, वर्ण-विच्छेद व क्रिया शब्दों का परिचय देना, पर्यायवाची शब्दों का अभ्यास व संज्ञा शब्दों का वाक्य प्रयोग करवाना, कविता लेखन करवाना, श्रवण व वाचन कौशल का विकास करवाना, स्वाभिव्यक्ति को बढ़ावा देना। |
| **कविता में आनेवाले विषय** | वर्ण-विच्छेद, पर्यायवाची, क्रिया, वाक्य-निर्माण, कविता-लेखन, कविता-वाचन और श्रवण |
| **शिक्षण सामग्री** | Smart Board, पाठ्यपुस्तक, Animation, i-book, Websupport (Worksheets), कॉपियाँ, पेंसिल आदि। |
| **मानक/अमानक शब्द** | शुद्ध/शुद्ध, प्रसन्न/प्रसन्न |
| **आरंभ—<br>चर्चा एवं समूह वाचन, कौशल-पठन, वाचन** | • पाठ प्रवेश में दी गई बिंदुओं पर चर्चा करें। • बच्चों से पूछें कि घर व कमरे के मुख्य भाग कौन-कौन से होते हैं और इनकी क्या उपयोगिता है।<br>• कविता का स्पष्ट व अनुकरणात्मक वाचन करवाएँ।<br>• कविता के श्रवण-वाचन के लिए Animation और i-book की सहायता लें।<br>• कठिन शब्दों के अर्थ पूछें और बताएँ।<br>• कविता को सरल अर्थों में समझाएँ तथा इसके मूल भावों से अवगत करवाएँ।<br>• कविता से मिलनेवाली सीख के बारे में जानें व बताएँ। |
| **मध्य<br>कौशल— लेखन, वाचन** | • 'माइंड मैप' द्वारा कविता की पुनरावृत्ति करवाएँ।<br>• अभ्यास खंड में 'पढ़िए' शीर्षक के अंतर्गत कविता में आए कठिन शब्दों का उच्चारण करवाएँ।<br>• 'बताइए' और 'सोचिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्नों पर चर्चा करें और जानें।<br>• 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न 1 और 2 तथा 'व्याकरण संबोध' के अंतर्गत आए प्रश्नों का हल पुस्तक में ही करवाएँ।<br>• 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न संख्या 3 का हल कॉपियों में करवाएँ और 'विषय संवर्धन गतिविधियाँ' के अंतर्गत आई गतिविधियों का हल मौखिक तथा लिखित रूप में करवाएँ। बच्चों को दो समूह में बाँटकर 'क्या होता यदि' के अंतर्गत दिए गए बिंदु पर सामूहिक चर्चा करवाकर उनके विचार प्रस्तुत करवाएँ। |
| **अंत<br>कौशल— लेखन, वाचन** | Websupport से Worksheet लें और बच्चों से हल करवाएँ। Worksheet की अदला-बदली करवाकर बच्चों से सहपाठियों की Worksheet जँचवाएँ, फिर उन्हें आप जाँचें। |
| **शिक्षण संप्राप्तियाँ** | बच्चे खिड़की की उपयोगिता जानेंगे, घर की वस्तुओं से प्रेम करेंगे, कविता का हाव-भाव के साथ वाचन करेंगे, वाक्य-निर्माण करेंगे। |



Scanned with OKEN Scanner

## कविता का मूलभाव

इस कविता में कवि ने खिड़की को अपनी मित्र बताकर उसका महत्व बताया है अर्थात हमारे घर की प्रत्येक वस्तु हमारे लिए उपयोगी होती है। कवि के अनुसार खिड़की बाहर की शुद्ध हवा, रोशनी, मौसम बदलने की सूचना देती है। जब वह उदास होता है तो बाहर के सुखद दृश्य दिखाकर उसका मन बहलाती है। इस तरह खिड़की कवि की मित्र है।

## कविता का सरलार्थ

**ठंडे पवन झकोरे ......................................................... खिड़की मेरे कमरे की।**

कवि के अनुसार मेरे कमरे की खिड़की ठंडी हवा के झोंके, रोशनी लाती है। वह बाहर से खुशबू लाकर मेरे कमरे को महकाती है। हवा से परदे लहरा उठते हैं। वह कमरे में नई उमंग भर देती है। वह चिड़ियों के साथ मधुर प्रभाती गाकर मेरे कमरे का वातावरण खुशनुमा कर देती है।

**जब उदास होता ......................................................... खिड़की मेरे कमरे की।**

कवि कहता है कि जब वह उदास होता है, उसके पास कोई नहीं होता तो खिड़की उसे अपने पास बुलाती है और बाहर के सुखद दृश्य दिखाकर उसमें नए जोश को भर देती है। इस तरह खिड़की मेरी सहेली है।

**थककर चूर-चूर ......................................................... खिड़की मेरे कमरे की।**

कवि कहता है कि जब वह थक जाता है तो खिड़की शुद्ध हवा लाकर उसकी थकान उतारकर उसे प्रसन्न कर देती है। मौसम बदलने की सूचना भी खिड़की ही देती है।

## बोध

- **कौन चिड़ियों के संग मधुरिम प्रभाती गाती है?**

उ. कवि के कमरे की खिड़की चिड़ियों के संग मधुरिम प्रभाती गाती है।

# अभ्यास

## बोलिए

1. **पढ़िए**

उ. दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।

2. **बताइए**

**क.** नवप्रकाश की किरणें कौन लाता है?

**उ.** नवप्रकाश की किरणें खिड़की लाती है।

**ख.** खिड़की क्यों इतराती होगी?

**उ.** खिड़की भी कवि को अपना मित्र मानती होगी वह अपने मित्र के लिए ठंडी हवा, नवप्रकाश की किरणें, खुशबू लाती है। इस तरह कवि की मदद करके वह इतराती होगी।

**ग.** घर में खिड़कियाँ क्यों बनाई जाती हैं?

**उ.** घर में पर्याप्त मात्रा में प्रकाश और हवा लाने के लिए खिड़कियाँ बनाई जाती हैं। इसके अलावा जब व्यक्ति उदास होता है तो खिड़की से बाहर देखने पर उसका मन बहलता है। इस प्रकार मन के बहलाने के लिए भी खिड़कियाँ बनाई जाती हैं।



Scanned with OKEN Scanner

3. **सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न**

❖ खिड़की कवि की उदासी दूर करती है। यदि कोई उदास हो तो उसमें जोश और नई स्फूर्ति के संचार के लिए आप क्या करेंगे?

उ. यदि कोई उदास है तो मैं उसके पास जाकर उससे बात करूँगा। वे सभी काम करूँगा जो उसे पसंद हैं। उसका मन बहलाने की कोशिश करूँगा। (उदाहरण के अनुसार छात्र स्वयं अपने विचार रखें।)

## लिखिए

1. **कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

जब उदास ...होता मेरा मन...
...डसने लगता... एकाकीपन
तब ...चुपके से पास... बुलाती
सुखद दृश्य ...मुझको दिखलाती...

2. **कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए—**

क. खिड़की कैसे दृश्य दिखाती है?
उ. खिड़की सुखद दृश्य दिखाती है।

ख. सदा सहेली-सी कौन मुसकाती है?
उ. सदा सहेली-सी खिड़की मुसकाती है।

ग. खिड़की मौसम की पाती कहाँ से लाती है?
उ. खिड़की मौसम की पाती दूर क्षितिज से लाती है।

3. **कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए—**

क. खिड़की रोज़ सुबह क्या करती है?
उ. खिड़की रोज़ सुबह ठंडी हवा के झोंके, नवप्रकाश की किरणें और फूलों की महक लाती है।

ख. कवि ने खिड़की को सहेली क्यों कहा है?
उ. जब कवि उदास होता है तो खिड़की उसे अपने पास बुलाकर बाहर के सुंदर दृश्य दिखाती है, जिससे कवि का मन बहलता है और उदासी दूर हो जाती है। इसलिए कवि ने खिड़की को सहेली कहा है।

ग. खिड़की कवि की थकान कैसे दूर करती है?
उ. खिड़की शुद्ध हवाएँ लाकर कवि की थकान दूर करती है।

घ. 'मौसम की पाती ले आती' — खिड़की के लिए ऐसा क्यों कहा गया है? अपने विचार लिखिए।
उ. हम खिड़की से बाहर की दुनिया देख पाते हैं। खिड़की घर में हवा लाती है। हवा में उपस्थित गरमाहट, ठंठक और नमी को अनुभव करके हमें मौसम की जानकारी मिलती है। इसलिए खिड़की के लिए ऐसा कहा गया है।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **इन शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए—**

सौरभ — ...स्... + ...औ...+...र्... + ...अ... + ...भ्... + ...अ...
मधुरिम — ...म... + ...अ... + ...ध्... + ...उ... + ...र्... + ...इ... + ...म्... + ...अ...
उदास — ...उ... + ...द्... + ...आ... + ...स्... + ...अ...
सहेली — ...स्... + ...अ... + ...ह्... + ...ए... + ...ल्... + ...ई...

2. **इन शब्दों के लिए कविता में से ही उपयुक्त पर्यायवाची खोजिए और लिखिए—**

कक्ष — ...कमरा...
हवा — ...पवन...
महक — ...सौरभ...
नवीन — ...नूतन...
सखी — ...सहेली...
खुश — ...प्रसन्न...
चिट्ठी — ...पाती...
हमेशा — ...सदा...



Scanned with OKEN Scanner

# 6 दो बैलों की कथा

| | |
|---|---|
| **पाठ का नाम** | दो बैलों की कथा |
| **कालांश संख्या** | 6-8 |
| **शिक्षण प्रक्रिया** | Teacher Led |
| **पाठ का उद्देश्य** | पशु-प्रेम, सहृदयता, बुद्धिमानी, सहयोग, दया, बहादुरी, आत्मीयता जैसे मूल्यों का विकास करवाना, पाठ का शुद्ध उच्चारण के साथ पठन करवाना, 'की-की' का उचित प्रयोग करवाना, संयुक्त व्यंजन, योजक-चिह्नों का परिचय देना, विलोम व संयुक्त व्यंजन वाले शब्दों का अभ्यास करवाना, परियोजना बनवाना तथा कहानी पठन, श्रवण और वाचन के लिए प्रेरित करना।। |
| **पाठ में आनेवाले विषय** | विलोम, संयुक्त व्यंजन, योजक चिह्न, 'कि-की' का प्रयोग, विशेषण, अनुभव वाचन, शैक्षिक भ्रमण और परियोजना, कहानी संकलन |
| **शिक्षण सामग्री** | Smart Board, पाठ्यपुस्तक, Animation, i-book, Websupport (Worksheets), कॉपियाँ, पेंसिल आदि। |
| **मानक/अमानक शब्द** | इसलिए/इसलिये, हड्डियाँ/हड्डियाँ |
| **आरंभ—**<br>**चर्चा एवं समूह वाचन, कौशल-पठन, वाचन** | • पाठ प्रवेश में दी गई बिंदुओं पर चर्चा करवाएँ।<br>• बच्चों से पूछें कि क्या उनके घर में पालतू पशु है यदि हाँ तो उनके बारे में कुछ बताने के लिए कहें और यदि नहीं तो अपने पसंदीदा पशु-पक्षी के बारे में बताने के लिए कहें।<br>• पाठ का स्पष्ट व अनुकरणात्मक वाचन करवाएँ।<br>• पाठ के श्रवण-वाचन के लिए Animation और i-book की सहायता लें।<br>• कठिन शब्दों व मुहावरों के अर्थ पूछें और बताएँ।<br>• कहानी को सरल अर्थों में समझाएँ तथा इसके मूल भावों से अवगत करवाएँ।<br>• पाठ से मिलनेवाली सीख के बारे में जानें व बताएँ। |
| **मध्य**<br>**कौशल— लेखन, वाचन** | • 'माइंड मैप' द्वारा पाठ की पुनरावृत्ति करवाएँ। • अभ्यास खंड में 'पढ़िए' शीर्षक के अंतर्गत पाठ में आए कठिन शब्दों का उच्चारण करवाएँ। • 'बताइए' और 'सोचिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्नों पर चर्चा करें और जानें। • 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न 1, 2, 3, 4 तथा 'व्याकरण संबोध' के अंतर्गत आए प्रश्नों का हल पुस्तक में ही करवाएँ।<br>• 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न संख्या 5 का हल कॉपियों में करवाएँ और 'विषय संवर्धन गतिविधियाँ' के अंतर्गत आई गतिविधियों का हल मौखिक तथा लिखित रूप में करवाएँ। बच्चों को दो समूह में बाँटकर 'क्या होता यदि' के अंतर्गत दिए गए बिंदु पर सामूहिक चर्चा करवाकर उनके विचार प्रस्तुत करवाएँ। |
| **अंत**<br>**कौशल— लेखन, वाचन** | Websupport से Worksheet लें और बच्चों से हल करवाएँ। Worksheet की अदला-बदली करवाकर बच्चों से सहपाठियों की Worksheet जँचवाएँ, फिर उन्हें आप जाँचें। |
| **शिक्षण संप्राप्तियाँ** | बच्चे पशुओं से प्रेम करेंगे, सहृदयी बनेंगे, शुद्ध उच्चारण करेंगे, कि-की, योजक चिह्नों का सही प्रयोग करेंगे, अपने अनुभव बता पाएँगे। |



Scanned with OKEN Scanner

## पाठ का सार

इस कहानी में बताया गया है कि पशुओं में भी सोचने-समझने की शक्ति होती है। हमें उनके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। झूरी नाम के एक किसान के पास हीरा-मोती नाम के दो बैल थे। वह बैलों का बहुत ध्यान रखता था और बैल भी उसे प्यार करते थे। एक बार किसान की पत्नी का भाई गया प्रसाद उन बैलों को अपने घर ले गया। लेकिन वे गया प्रसाद के घर से भागकर वापस झूरी के घर पहुँच गए। गया प्रसाद उन्हें फिर अपने घर ले गया और उनके साथ बुरा व्यवहार करता और खूब काम करवाता था। एक दिन मौका पाकर दोनों बैल फिर भाग गए और रास्ते में कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने मालिक झूरी के घर पहुँच गए। झूरी और उसकी पत्नी उन्हें देखकर खूब खुश हुए।

## बोध

- **गयाप्रसाद कौन था?**

उ. गयाप्रसाद झूरी की पत्नी का भाई यानी उनका साला था।

- **हीरा और मोती ने मिलकर किसे भगा दिया?**

उ. हीरा और मोती ने मिलकर साँड़ को भगा दिया।

- **जाने-पहचाने रास्ते को देखकर हीरा-मोती ने क्या किया?**

उ. जाने-पहचाने रास्ते को देखकर हीरा और मोती तेजी से भागने लगे।

# अभ्यास

## बोलिए

1. **पढ़िए**

उ. दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।

2. **बताइए**

**क.** दोनों बैलों के क्या नाम थे?

**उ.** दोनों बैलों के नाम हीरा और मोती थे।

**ख.** दोनों बैल दुखी क्यों थे?

**उ.** बैल अपने मालिक से बहुत प्यार करते थे। वे अपने मालिक से दूर जा रहे थे इसलिए वे दुखी थे।

**ग.** झूरी ने बैलों को गयाप्रसाद के साथ क्यों भेजा होगा?

**उ.** झूरी को लगा होगा कि गयाप्रसाद को बैलों की जरूरत है और वह बैलों की अच्छे से देखभाल करेगा इसलिए झूरी ने उन्हें गयाप्रसाद के साथ भेजा होगा।

3. **सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न**

❖ पशु-पक्षियों के प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए?

उ. पशु-पक्षियों के प्रति हमारा व्यवहार अच्छा होना चाहिए। उनमें प्राण होते हैं, वे भी हमारी तरह अच्छे-बुरे का अनुभव कर सकते हैं। अत: हमें उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्हें चोट नहीं पहुँचाना चाहिए।



Scanned with OKEN Scanner

# लिखिए

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**
   **क.** गयाप्रसाद के घर से भागने में किसने बैलों की मदद की? ✓ लड़की ने
   **ख.** साँड़ ने पहले किसपर वार किया? ✓ हीरा पर
   **ग.** हीरा-मोती ने खेत में क्या खाया? ✓ मटर

2. **मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| गयाप्रसाद | एक किसान और हीरा-मोती का मालिक |
| झूरी | दो में से एक बैल का नाम |
| व्यापारी | झूरी की पत्नी का भाई |
| हीरा | हीरा-मोती को खरीदनेवाला व्यक्ति |

3. **पाठ के आधार पर लिखिए कौन, कैसा था—**
   झूरी — ···झूरी पशुओं से प्यार करता था। वह बुद्धिमान था।···
   गयाप्रसाद — ···गयाप्रसाद कठोर हृदयवाला था। उसे पशुओं से बिल्कुल प्यार नहीं था।···

4. **कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए—**
   **क.** हीरा-मोती को काँजी हाउस किसने भेजा?
   **उ.** हीरा-मोती को काँजी हाउस मटर के खेत के रखवाले ने भेजा।
   **ख.** काँजी हाउसवालों ने इमारत को खाली देखकर क्या किया?
   **उ.** काँजी हाउसवालों ने इमारत को खाली देखकर हीरा और मोती को नीलाम कर दिया।
   **ग.** हीरा-मोती को किसने खरीदा?
   **उ.** हीरा-मोती को एक व्यापारी ने खरीदा।

5. **कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए—**
   **क.** हीरा-मोती झूरी को क्यों चाहते थे?
   **उ.** झूरी हीरा-मोती के चारे-पानी का बहुत ध्यान रखता था। उन्हें कभी मारता-पीटता नहीं था, इसलिए वे दोनों झूरी को बहुत चाहते थे।
   **ख.** बैलों ने साँड़ का सामना कैसे किया?
   **उ.** बैलों ने साँड़ का सामना साहस से किया। जब साँड़ ने हीरा पर सामने से वार किया तो मोती ने उसपर पीछे से सींगों से हमला किया।
   **ग.** काँजी हाउस में कौन-कौन-से जानवर थे? उनकी दशा क्या थी?
   **उ.** काँजी हाउस में भैंसे, घोड़े, घोड़ियाँ, बकरियाँ, गधे आदि जानवर थे। वे सब बहुत कमज़ोर और दुबले-पतले थे।
   **घ.** वह लड़की आई और उसने दोनों बैलों को खोल दिया— इससे लड़की के स्वभाव की कौन-सी विशेषता पता चलती है?
   **उ.** इससे पता चलता है कि लड़की दयालु, सहृदय और ममतामयी है। उसने बैलों की दुर्दशा देखी इसलिए उन्हें भागने में सहायता की।

# समझिए व्याकरण संबोध

1. **विलोम शब्द लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गाँव | × | ···शहर··· | आज़ाद | × | ···गुलाम··· |
| उत्साह | × | ···निरुत्साह··· | प्रसन्न | × | ···अप्रसन्न··· |
| अपमान | × | ···सम्मान··· | कमज़ोर | × | ···मज़बूत··· |



Scanned with OKEN Scanner